**Title: Need to lay rail line between Mahrajgang and Mashrakh in Bihar -Laid.**

**श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज,बिहार):** अध्यक्ष जी, पूर्वोत्तर रेलवे के अधीन मेरे संसदीय क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण व्यवसायिक उपनगरों मशरख और महराजगंज को रेल सेवा से जोड़ने हेतु वर्ा 1998 से ही मैंने कई पत्र लिखे। मेरे आग्रह पर विभाग द्वारा थोड़ी तत्परता भी दिखायी गयी और इस रेल खंड का सर्वेक्षण भी हुआ। हाल ही में मुझे महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा एक पत्र के माध्यम से यह सूचित किया गया है कि इस खंड का सर्वेक्षण करवाकर सर्वेक्षण रिपोर्ट स्वीकृति हेतु मंत्रालय में ि वचारार्थ लंबित है। मैंने पिछले सत्र के दौरान ही इस सर्वेक्षण रिपोर्ट को अविलम्ब स्वीकृति देते हुए इसे इस वर्ा के रेल बजट में शामिल कर कार्य प्रारंभ कराये जाने का आग्रह किया था ताकि इस पिछड़े इलाके में दो व्यवसायिक केन्द्रों के बीच सहज सम्पर्क से विकास की गति को बल मिल सके। मुझे जानकारी मिली है कि दरौंदा एवं महराजगंज के बीच रेल लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि दरौंदा-महराजगंज के बीच प्रारंभ हुए इस रेल खंड के कार्य का विस्तार मशरख तक किया जाए, जिससे महराजगंज-दरौंदा एवं मशरख के बीच रेल सेवा से व्यवसायिक विकास की बेहतर संभावनाएं सृजित हो सकें।